श्याम तेरा धाम बड़ा प्यारा | By Rahul Dev Baswal

श्याम तेरा धाम बड़ा प्यारा
खाटू का नज़ारा मन को भाया रे
श्याम तूने जादू सब पे डारा
इक तेरा ही सहारा मैं भी आया रे
श्याम तेरा धाम बड़ा प्यारा ....

लाल गुलाबी फूलों से तेरा श्रंगार करूँ मैं
खीर चूरमा और पेड़े का भोग लगाऊं तुझे मैं
जय जैकारे तेरे गूंजे खाटू नगरी में जय श्री श्याम रे
श्याम तूने जादू सब पे डारा ....

हारे का सहारा बन जाता है ऐसा बाबा हमारा
सबकी मुरादें पूरी करता है बाबा श्याम हमारा
खाली ना गया कोई श्याम तेरे दर से जो भी आया रे
श्याम तेरा धाम बड़ा प्यारा ....

तीन बाण धारी कहलाते हो सारे जगत में बाबा
करते हो नीले घोड़े की सवारी श्याम हुआ नाम तुम्हारा
शरण में मैं भी तेरी आया अरदास लेके आया तेरे द्वारे रे
श्याम तेरा धाम बड़ा प्यारा ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0/